



एक नजर में

## जीवनदीप महिला विंग ने किया वर्ष की गतिविधियों का शुभारंभ

**नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के साथ की सामूहिक भक्ति**

**उज्जैन।** जीवनदीप महिला विंग द्वारा बसंत उत्सव के शुभ अवसर पर वर्ष की गतिविधियों का शुभारंभ 24 जनवरी को अवंती पार्श्वनाथ मंदिर, दानी गेट में अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संघ में नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप से की गई। सामूहिक भक्ति के पश्चात आयोजित बैठक में महिला विंग द्वारा पूरे वर्ष में संचालित किए जाने वाले विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक प्रोजेक्ट्स पर विस्तार से चर्चा की गई और अगले आने वाले बड़े प्रोजेक्ट रक्तदान शिविर की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने पीले रंग के वस्त्र धारण कर बसंत उत्सव की सुंदर झलक प्रस्तुत की। जीवनदीप महिला विंग द्वारा इस सफल आयोजन हेतु सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के संयोजक पिंकी छाजेड़, राजश्री कोठारी, सीमा छाजेड़, सुलोचना कोठारी रहीं। इस दौरान टीना नाहर, आशा सेठिया, प्रफुल्ल गादिया, शैलबाला श्रीमाल, संगीता गादिया, रश्मी गादिया, मंजू गादिया, पुर्णिमा हरकावत, चेतना घिया, आशा पालेचा, कांता बाठिया, परिधि दाता, मेघना नाहर, प्रीति दुग्गड़, शीला श्रीमाल, मंजुला जैन अरूणा मेहता आदि मौजूद रहीं। यह जानकारी श्वेता चोपड़ा ने दी।

## छोटी कालीसिंध में नर्मदा का पानी छोड़ा जाए



**उज्जैन।** राष्ट्रीय सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने माकड़ोन तहसील के लगभग चौदह ग्रामों के किसानों की रबी फसलें जो छोटी कालीसिंध नदी में फसल सिंचाई हेतु पानी की उपलब्धता में कमी के चलते सूखने की कगार पर है, और क्षेत्रीय किसानों को लाखों की फसल हानि होती दिखाई पड़ रही है के सन्दर्भ में किसानों की पीड़ा को देखते हुए प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव और जिला प्रशासन से नर्मदा सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत छोटी कालीसिंध नदी के किनारे स्थापित मुख्य वाटरपॉइंट कन्ट्रोल वाल्व को चालू कर नदी में पानी छोड़ा जाने की मांग लिखित पत्र के माध्यम से की गई है। सरपंच संघ जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री किसानों की हर समस्या पर सदैव सजग रहते है तथा किसान हितों को सर्वोपरि मानते है, मैं पूर्ण आश्वत हूं कि किसान हितों में की गई लिखित मांग पर त्वरित कार्रवाई के आदेश जिला प्रशासन को प्रदान करते हुए नर्मदा का पानी छोटी कालीसिंध नदी में अतिशीघ्र छुड़वाएंगे।

## सुभाषचंद्र बोस प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**उज्जैन।** आजाद हिंद पैनल ने राष्ट्रवीर क्रांतिकारी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 128वीं जयंती के उपलक्ष में आगर रोड तिराहा पर आजाद हिंद पैनल द्वारा स्थापित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। मुख्यअतिथि उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन ने संबोधित किया। कार्यक्रम को अतिथि उज्जैन नगर पालिका निगम के महापौर मुकेश टटवाल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि आज हम जो आजादी की सांस ले रहे हैं वह नेताजी की दी हुई सौगात है। अध्यक्षता पारस जैन ने की। माल्यार्पण कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने संबोधित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि गणों द्वारा नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. घनश्याम शर्मा, सतीश राठौर, समता पटेल, विनोदिनी पटेल, विनोदिनी पाटीदार, संध्या तिलक आदि के साथ अनेक राष्ट्रभक्त नागरिक उपस्थित थे। संचालन संस्था के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन संस्था के सचिव किशोर छाबड़ा ने माना।

## भगवान देवनारायण जी की महाआरती की



**माकड़ौन।** भगवान विष्णु के अवतार, लोक देवता देवनारायण जी का 1114वां पावन अवतरण दिवस आज क्षेत्र के माकड़ोन, मानसा पारी, देहरा करेंडी सहित आसपास के प्रत्येक गांव में श्रद्धा, उल्लास और भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चन, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का दौर शुरू हो गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। सभी प्रमुख मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया। फूलों की आकर्षक सजावट, रोशनी और रंग-बिरंगी झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। दोपहर और शाम को महा आरती का आयोजन किया जाएगा। भगवान देवनारायण को गुर्जर वंश का आराध्य देव माना जाता है। उन्होंने लोक कल्याण, धर्म रक्षा और समाज में न्याय की स्थापना के लिए अनेक प्रेरणादायी कार्य किए। श्रद्धालुओं ने प्रार्थना की कि प्रभु देवनारायण जी की कृपा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और आरोग्यता बनी रहे तथा उनका आशीर्वाद सभी को प्रगति के पथ पर अग्रसर करे।

## मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का हुआ राज्याभिषेक



**घट्टिया।** चारभुजा नाथ मंदिर प्रांगण में चारभुजा ग्रुप के तत्वाधान में चल रही नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का शनिवार को मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम के राज्यभिषेक के साथ समापन हुआ। कथा व्यास राष्ट्रीय संत पं. राजेश्वर महाराज बड़नगर वाले ने लंका दहन, रावण वध, अयोध्या गमन, श्रीराम राज्यभिषेक की कथा सुनाई। प्रभुश्री राम के राज्यभिषेक की झांकी का वर्णन किया गया। सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रतिदिन पूजन अभिषेक आचार्य अनुज वैष्णव व आचार्य चरण वैष्णव ने सम्पन्न करवाया। मूल पाठ बटुक पुष्पराज वैष्णव ने किया। रविवार को पंचकुंडीय यज्ञ व रामचरितमानस पुराण की शोभायात्रा के साथ कथा की पूर्णाहुति व समापन होगा। समिति सदस्यों सहित श्रोताओं ने पुराण पूजन किया व महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

## कांग्रेस सेवादल का संभागीय सम्मेलन सम्पन्न

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के निर्देशानुसार शहर जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल उज्जैन द्वारा कांग्रेस सेवादल का संभागीय सम्मेलन राजीव गांधी भवन, कांग्रेस कार्यालय, क्षीरसागर उज्जैन में आयोजित किया गया।

# श्रीमद् भागवत के रस में डूबेगा नगर, 21 कन्याओं का नि :शुल्क विवाह होगा

विकास जायसवाल





**उन्हेल। सार्वजनिक श्रीमद्भागवत कथा समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कथा का आयोजन किया जा रहा है कथा समिति के अनुसार सुप्रसिद्ध अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक वृन्दावनवासी परम पूज्य गोरांगी गौरी महाराज के मुखारबिंद से स्थानीय नया बस स्टैंड मैदान में लगभग पचपन हजार स्केयर फिट जगह में बने भव्य पांडाल के अन्दर 7 दिवसीय भव्य श्रीमदभागवत कथा तथा नि:शुल्क इक्कीस कन्याओं का विवाह संपन्न होगा।**

समिति ने पिछले वर्ष श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कर इक्कीस कन्याओं का नि:शुल्क विवाह संपन्न करवाया था। इसी लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हुए इस वर्ष इक्कीस कन्याओं का विवाह करवाने जा रहे हैं। कथा का एवं क्षेत्र के निर्धन परिवार की कन्याओं का नि:शुल्क विवाह समारोह आयोजन समिति लगातार कई वर्षों से करा रही है।

कथा के रसपान के लिए नगर एवं क्षेत्र की हजारों धर्मप्रेमी जनता को इन्तजार रहता है। इस समय सम्पूर्ण नगर प्रभु श्री कृष्ण की भक्ति में डूबने के लिए लिए आतुर रहेगा।

शनिवार को दीदी ने बताया की जैसे-जैसे सीढ़ियां ऊपर बढ़ती जाती हैं, वैसे-वैसे जीवन में कठिनाइयां और समस्याएं भी बढ़ती जाती हैं। लेकिन उन कठिनाइयों के बीच संघर्ष करते हुए भी यदि हम ठाकुरजी के चरणों को नहीं छोड़ते, तो समझ लेना चाहिए कि हम उस कक्षा में मज़बूती से पास हो गए।

**कथा में आयोजित किए जाएंगे प्रमुख प्रसंग -** श्रीमद् भागवत कथा समिति के प्रवक्ता वैभव जैन द्वारा बताया गया की कथा प्रारंभ दिवस 24 जनवरी शनिवार के दिन प्रात: 10 बजे श्रीराम मंदिर कस्बा चौक से कलश यात्रा प्रारम्भ होकर कथा स्थल पहुचेगी प्रतिदिन कथा का समय अपराहंत 12 बजे से सांयकाल 4 बजे तक रहेगा।

कथा के प्रथम दिवास 24 जनवरी शनिवार को श्रीमद भागवत महात्मय, कथा आरम्भ, शुभ परीक्षित चरित्र का वर्णन, द्वितीय दिवस 25 जनवरी रविवार को वराह अवतार, कनु कर्दम चरित्र, कपिलोदेश, सटी चरित्र, ध्रुव चरित्र का वर्णन रहेगा। विवाह में इक्कीस कन्याओं का विवाह संपन्न होगा।

### यह रहेंगे कथा के लाभार्थी

कथा में मुख्य यजमान अजयकुमार जी जगदीश जी विश्वकर्मा आकासोदा वाले परिवार, सह यजमान गोपाल पन्नालाल जी खमोरिया परिवार, मदनलाल जी लक्ष्मण जी, मुकेश राकेश जी प्रजापत परिवार, मनीषकुमार बाबूलाल जी जैन परिवार, सभी निवासी उन्हेल है, साथ ही कथा में सहर्ष जजमान प्रभु दयाल जी अग्रवाल परिवार इंदौर, पाटीदार परिवार सांवरिया माइंस, महू इंदौर, अश्विन कुमार सतीश कुमार मारू, सचिन प्रकाशचंद जी पाटनी परिवार उन्हेल है द्व रुक्मणी विवाह के लाभार्थी रामसिंह जी सिद्धू जी सोलंकी परिवार, उन्हेल है द्व कथा में श्रीकृष्णजी की बारात का लाभ रामचंद्र जी गणपत जी सुनेरीपरिवार उन्हेल ने लिया है द्व

सात दिवसीय कथा में नगर की धर्मप्रेमी जनता को सम्पूर्ण आयोजन में पधारने का आग्रह सार्वजनिक सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा समिति के सरक्षक क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. सतीश मालवीय, शांतिलाल मदारिया, गोपाल खमोरिया, संयोजक सचिन पाटनी, विवाह प्रभारी अश्विन मारू, अंकित जैन, मीडिया प्रभारी वैभव जैन, रमेश बंबोरिया, रामलाल नंदेडा, राधेश्याम नंदेडा, रामलाल ढोढरिया, श्रीराम मंदिर महिला मंडल, मां कालिका माता महिला मंडल, शीतलामाता महिला मंडल, पंच मुखी हनुमान महिला मंडल, मनकामनेश्वर महिला मंडल, राधाकृष्ण मालवीय मंदिर महिला मंडल, राधे राधे महिला मंडल, भेरुमहराज महिला मंडल, साईनाथ महिला मंडल ने किया है। श्रीमद् भागवत कथा का सीधा प्रसारण आप यू ट्यूब पर सेंट्रल वाइस भक्ति चेनल पर देख सकते हैं।



## शहर कांग्रेस ने मनाई नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

**उज्जैन।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती फव्वारा चौक और आगर रोड स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि नेताजी जैसा महान व्यक्तित्व बिरला ही होता है। अजय राठौर ने बताया कि इस अवसर पर सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव ने कहा कि नेताजी अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे हैं। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण रहीम लाला, चंद्र भान सिंह चंदेल, संचित शर्मा, बबलू खींची, विरेन्द्र गोसर, पार्षद प्रेम लता रामी, अरुण रोचवानी, अनवर नागोरी, सुनिल कछवाय, देव व्रत यादव, श्याम जटिया, दीपेश जैन सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## नेताजी बोस साहसी व अति उत्साहित नेता थे : पूर्व मंत्री पारस जैन

**नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129वीं जयंती पर आजाद हिंद पैनल ने मुकबधिर एवं श्रवण बाधितार्थ छात्र-छात्राओं को कराया अल्पाहार**



**उज्जैन। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129सी जयंती पर आजाद हिंद पैनल के पदाधिकारीयो ने के हामुखेड़ी स्थित शासकीय मुकबधिर एवं श्रवण बाधितार्थ उ.मा. विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच जाकर अल्पाहार वितरण वितरण कर स्वंम पदाधिकारी ने भी अल्पाहार किया।**

अल्पाहार वितरण के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री पारस जैन एवं पैनल के अध्यक्ष डॉ घनश्याम शर्मा ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस एवं माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। तत्पश्चात विद्यालय की प्राचार्य मोनीका कोठारी ने मुख्य अतिथि सहित पैनल पदाधिकारी का पुष्पमालाओं से स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पारस जैन ने अपने संबोधन में कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान का कोई सानी नहीं है। वे एक साहसी और स्वतंत्रता के प्रति अति उत्साहित नेता थे। नेताजी सुभाषचंद्र बोस श्रीमद्भगवदगीता से गहराई से प्रेरित रहे थे, इसी कारण स्वतंत्रता, समानता, राष्ट्रभक्ति के लिए उनके संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता।

कार्यक्रम के अध्यक्षता पैनल के अध्यक्ष डॉ घनश्याम शर्मा ने करते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस को ने नेताजी के नाम से जाना जाता है नेताजी का नाम स्वतंत्रता आंदोलन से प्रभावित होकर हिटलर ने सुभाष चंद्र बोस को नेताजी के नाम से संबोधित किया था तभी से सुभाषचंद्र बोस को नेताजी के नाम से पुकारा जाने लगा, नेताजी ने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा दिया वह आज भी देश में हर नागरिक एवं युवाओं के दिलों पर अंकित है। नेताजी का पूरा जीवन राष्ट्रवाद मानव जाति के उच्चतम आदर्श से प्रेरित है इन्हीं आदर्श व सिद्धांतों को युवा पीढ़ी सहित छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

अल्पाहार वितरण कार्यक्रम में पैनल के सर्व श्री महेश खंडेलवाल, महेंद्र जैन, प्रदीप वैष्णव, वीरेंद्रसिंह राठौड़ आदि उपस्थित थे। मूकबधिर एवं श्रवण बधितार्थ छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम में हुए भाषण को समझने हेतु सांकेतिक भाषा का उपयोग कर शिक्षक राखी फडनिस ने अपनी भूमिका निभाई। संचालन विद्यालय की शिक्षिका राजकुमारी ठाकुर ने किया एवं आभार प्रदर्शन महेश खंडेलवाल ने माना।

## भारतीय ज्ञान परंपरा और संगीत का सुंदर समन्वय



**उज्जैन। शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उज्जैन (दशहरा मैदान) में संगीत विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में बसंत महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक एवं संगीत की विभागाध्यक्ष डॉ. वर्षा अग्रवाल, डॉ रंजना व्यास द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

सर्व प्रथम संगीत विभाग की गायन की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और राग बसंत में दो मनमोहक रचनायें प्रस्तुत की। इसी अवसर पर इतिहासकार और प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक ने महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उनके जीवन, स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान, आज़ाद हिंद फौज एवं फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना, नेहरू रिपोर्ट में योगदान तथा संगठन बनाकर राष्ट्र के लिए संघर्ष जैसी उनकी क्रांतिकारी सोच पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अंत में संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने वसंत ऋतु की उल्लासपूर्ण भावना को सजीव कर दिया।

कार्यक्रम में योगेश्वरी प्रिया लोधवाल, अंजलि, स्नेहा, काजल, शुभ्रा गोस्वामी, लिजा तथा संगीत विभाग की सभी छात्राएं ने कार्यक्रम को अपनी प्रस्तुतियों से मनमोहक बनाया और महाविद्यालय की सभी छात्राये भी उपस्थित रहीं।

संचालन डॉ. वर्षा अग्रवाल द्वारा किया गया। समग्र रूप से वसंत महोत्सव भारतीय संस्कृति, साहित्य, संगीत एवं राष्ट्र चेतना का एक प्रेरक और स्मरणीय आयोजन सिद्ध हुआ।

## चौक बाजार में हुआ प्रभातफेरियों का समागम

**महिदपुर। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की स्थापना के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर में लगातार प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया। नगर की पांच बस्तियों से प्रतिदिन निकाली जा रही प्रभात फेरियों का गुरुवार को चौक बाजार में समागम के साथ समापन हुआ।**



समापन अवसर पर श्री रणजीत हनुमान जी की विधिवत आरती पंडित सत्यनारायण रावल ने की। जिसके पश्चात श्रद्धालुओं को हलवा प्रसादी का वितरण किया गया।

इसके साथ ही भक्तों के लिए पोहा स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। प्रभात फेरी प्रमुख सदस्यों का सम्मान भी किया गया।

उल्लेखनीय है कि नगर की पांच अलग-अलग पांचो बस्तियों से प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरियां निकाली जा रही थीं। कड़ाके की सर्दी के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु इन फेरियों में शामिल होकर राम नाम का जाप करते हुए नगर भ्रमण कर रहे थे। पूरे आयोजन के दौरान नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## मनासा चुनर यात्रा: सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे



**माकड़ोन।** आस्था और श्रद्धा का अनुपम संगम उस समय देखने को मिला जब मनासा से निकली चुनर यात्रा सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ परी का डेरा पहुंची। यात्रा के दौरान भक्तजन हाथों में ध्वज और चुनर लिए भक्ति गीतों व जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे। पूरा मार्ग जय देवनारायण और अन्य धार्मिक नारों से गुंजायमान रहा। यात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। स्थानीय समाजजनों ने यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया। यह चुनर यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि सामाजिक एकता और समरसता का संदेश भी दे गई।

एक नजर

**बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ सुरक्षित रहने के लिए किया जागरूक**

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर किया प्रतिभाओं का सम्मान

**उज्जैन। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पी.सी. गुप्ता के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिरण के सचिव मनोज कुमार भाटी के नेतृत्व में ''राष्ट्रीय बालिका दिवस'' के उपलक्ष में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन शासकीय कन्या एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराफा मे किया गया।**

शिविर में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नगर विकास समिति एवं अवनीश्री जन कल्याण शिक्षण संस्था द्वारा प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अभिभावक शेखर श्रीवास्तव, डॉ राजेश रावल परामर्शदाता मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, प्राचार्य मुकेश त्रिवेदी, पीएलवी एवं नगर विकास समिति अध्यक्ष प्रियंका जोशी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती जी के पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा संस्था की सदस्यगण पूनम दुबे, प्रतिष्ठा दुबे, अनीता शास्त्री, ज्योति व्यास, रक्षा पालीवाल, रत्ना त्रिवेदी, संतोषी जोशी आदि का स्वागत किया गया। उसके पश्चात डॉ रावल ने बालिकाओं को कैरियर परामर्श प्रदान किया। जिसमें उन्होंने बताया के विषय चुनाव अपनी रुचि के आधार पर करें।

उसके पश्चात पीएलवी प्रियंका जोशी ने स्वास्थ्य एवं विधिक जागरूकता हेतु बालिकाओं के साथ सक्रिय संवाद किया उन्होंने शासन द्वारा बालिकाओं के लिए चलाई गई योजनाओं की जानकारी दी एवं पोक्सो एक्ट को विस्तृत रूप से समझाया। अंत में वरिष्ठ अभिभावक श्रीवास्तव ने संविधान में वर्णित प्रमुख अनुच्छेद जो की बालिकाओं के हित में है उनका विस्तृत रूप से समझाया साथ ही बाल अधिकार संरक्षण कानून को भी समझाया।

आपने बताया कि बाल अपराध में पहचान गोपनीय रखी जाती है साथ ही विशेष न्यायालय में शीघ्र सुनवाई की जाती है। उद्बोधन के बाद सम्मान समारोह में विद्यालय से जिले में प्रथम रही कनक शर्मा का सम्मान किया गया साथ ही दसवीं कक्षा से चेतन, सिमरन एवं चाहत अन्य विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्य मुकेश त्रिवेदी ने कहा कि विद्यालय आज के इस शिविर के लिये बहुत आभारी है और समय-समय पर बालिकाओं को इस प्रकार का परामर्श उपलब्ध करवाते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रेम प्रकाश बोराना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार से अर्चना शर्मा, ज्योति गांगली, राजामणि पांडे, सपना मेहता और राजामणी शर्मा आदि उपस्थित थे।